# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 25.07.2026 समय : 0705

**<><><><><><><>**

1. ग्लास्गो में चल रहे कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत ने अपना पहला पदक जीत लिया है।
2. भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के व्यवसाय प्रमुख और वरिष्ठ प्रबंधन के सदस्यों ने उप–राज्यपाल से मुलाकात कर बड़ी परियोजनाओं पर चर्चा कीं।
3. समाज कल्याण निदेशालय ने पंखुड़ी पोर्टल पर पंजीकरण करने की अपील की है।
4. कॉर्बिन्स कोव तट पर आज और कल वॉलीबॉल टूर्नामेंट के साथ सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा।

**<><><><><><><>**

ग्लास्गो में 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत ने अपना पहला पदक जीत लिया है। पैरा पावरलिफ्टिंग की पुरुष हैवीवेट स्पर्धा में झंडू कुमार ने कांस्य पदक अपने नाम किया। बिहार के नालंदा के रहने वाले झंडू कुमार ने 190 किलोग्राम भार उठाकर तीसरा स्थान हासिल किया। झंडू कुमार ने पोलियो और आर्थिक कठिनाइयों का सामना करने के बावजूद यह उपलब्धि हासिल की।

**<><><><><><><>**

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के व्यवसाय प्रमुख और वरिष्ठ प्रबंधन के सदस्यों ने कल लोक निवास में द्वीप समूह के उप–राज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी.के. जोशी से मुलाकात की। इस दौरान द्वीप समूह में आने वाले बड़ी परियोजनाएं – जैसे इंटरनेशनल कंटेनर ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल, नया ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट, हॉस्पिटैलिटी, टूरिज्म और अन्य बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट – के कारण ईंधन की मांग में होने वाली संभावित बढ़ोतरी, वैकल्पिक और अतिरिक्त पेट्रोल, डीजल, LNG, CNG, EV और रिटेल आउटलेट स्थापित करने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई।

**<><><><><><><>**

कैंपबेल बे के निवासियों को सूचित किया जाता है कि जहाजों की लंबे समय से अनुपलब्धता के कारण ट्रांसपोर्टेशन में रुकावट आई है, जिससे इस द्वीप पर घरेलू LPG सिलेंडरों की सप्लाई प्रभावित हुई है

आपूर्ति बहाल करने के लिए प्रसाशन के विशेष प्रयास जारी है। परिणामस्वरूप, 31 जुलाई  तक पर्याप्त मात्रा में घरेलू LPG सिलेंडर पहुंचने की संभावना है।

<><><><><><><>

समग्र शिक्षा के अंतर्गत समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के तहत ब्लॉक परियोजना कार्यालय, डिगलीपुर द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान एवं मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ये शिविर सत्ताई जुलाई को  सीतानगर, कालीघाट और अटठाईस जुलाई को केरला पुरम तथा स्वराज ग्राम के विवेकानंद बहुउद्देश्य सभागार में सुबह साढ़े नौ बजे से लगेगा। इसका उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन, संबंधित हितधारकों को चिकित्सीय मूल्यांकन, दिव्यांगता प्रमाण–पत्र, यूडीआईडी नामांकन, एडीआईपी–एसएसए योजना के अंतर्गत सहायक उपकरण एवं सहायक सामग्री वितरण के बारे में जानकारी देना है। एडीआईपी–एसएसए योजना के अंतर्गत आवश्यक दस्तावेज दिव्यांगता प्रमाण–पत्र नामांकन का प्रमाण यूडीआईडी कार्ड लाभार्थी का आधार कार्ड अथवा आधार नामांकन रसीद अनिवार्य है। साथ ही पिछले दो माह के भीतर जारी आय प्रमाण–पत्र भी साथ लाना होगा। इसके लिए केवल वे ही लाभार्थी पात्र होंगे जिसकी मासिक आय 22,500 रूपये से अधिक न हो।

<><><><><><><>

उधर, समग्र शिक्षा के राज्य परियोजना कार्यालय के तहत मायाबंदर ब्लॉक में विशेष ज़रूरतों वाले बच्चों के लिए पहचान और मूल्यांकन शिविर लगाया जाएगा। इसका मकसद समावेशी शिक्षा कार्यक्रम और 'ADIP–SSA योजना के तहत मिलने वाले फ़ायदों के लिए बच्चों की पहचान करना, मेडिकल जांच करना और प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया को आसान बनाना है। यह शिविर 29 जुलाई को मायाबंदर में DEO के सम्मेलन सभागार में और 30 जुलाई को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पहलगाँव में आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

श्री देवशयनी एकादशी के उपलक्ष्य पर, आज शाम 5:30 बजे से 7:30 बजे तक चिन्मय मिशन में सत्संग और भजन संध्या का आयोजन किया गया है। इस दिन भगवान विष्णु अपनी चार महीने की ब्रह्मांडीय निद्रा में जाते हैं और इसी के साथ चातुर्मास की अवधि शुरु होती है।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय, कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी संगठनों, गैर–सरकारी संगठनों, अनिवासी भारतीयों , कॉर्पोरेट संस्थाओं और इच्छुक व्यक्तियों को पंखुड़ी पोर्टल पर पंजीकरण करने के लिए आमंत्रित करता है। यह पोर्टल भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा विकसित एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म है। पंखुड़ी पोर्टल एक सिंगल–विंडो डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो संगठनों और व्यक्तियों को महिलाओं और बच्चों के कल्याण और विकास के कार्यक्रमों में सहयोग करने में सक्षम बनाता है। यह पोर्टल CSR और स्वैच्छिक सहयोग के माध्यम से पोषण, स्वास्थ्य, बचपन की देखभाल और शिक्षा, बाल संरक्षण, महिला सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी पहलों में योगदान करने के लिए एक पारदर्शी और जवाबदेह सिस्टम प्रदान करता है। इस पोर्टल के माध्यम से मिलने वाला सहयोग सेवाओं को मजबूत करने और सुविधाओं को बेहतर बनाने में मदद करेगा। विभाग ने सभी योग्य CSR संगठनों, NGOs, कॉर्पोरेट संस्थाओं, NRIs और इच्छुक व्यक्तियों को पंखुड़ी पोर्टल पर पंजीकरण करने की अपील की है। अधिक जानकारी के लिए समाज कल्याण निदेशालय से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

पर्यटन, खेल और युवा मामले, कला और संस्कृति विभाग, प्रशासन और नगरपालिका परिषद के सहयोग से आज और कल कॉर्बिन्स कोव तट पर वॉलीबॉल टूर्नामेंट और शाम को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन करेगा। वॉलीबॉल टूर्नामेंट पूरे दिन चलेंगे, जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रम दोनों दिन शाम 5 बजे से 7 बजे तक होंगे। विभाग ने आम जनता को इस आयोजन में आमंत्रित किया है।

<><><><><><><>

कमोर्टा में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आर्ट्स स्ट्रीम के तहत अंग्रेजी माध्यम की शुरूआत की गई है। इसका उद्घाटन ननकौड़ी के सहायक आयुक्त डॉ क्षितिज

ज्ञानराज सा ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने छात्रों को शिक्षा के व्यापक अवसर, उच्च शिक्षा और भविष्य की तैयारियों पर जानकारी दी। उन्होंने कहा इस पहल से ननकौड़ी द्वीप समूह के युवाओं के लिए नए रास्ते खुलेंगे, जिससे इस क्षेत्र में शिक्षा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। इस स्ट्रीम में अंग्रेज़ी, भूगोल, इतिहास, गृह विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, पर्यटन और यात्रा जैसे विषय शामिल हैं।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी कॉलेज, मायाबंदर में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए कई स्नातक पाठ्यक्रम में कुछ सीटें खाली हैं। जो उम्मीदवार प्रवेश लेना चाहते हैं, वे 30 जुलाई को होने वाले परामर्श में शामिल हो सकते हैं। जिन उम्मीदवारों ने पहले से आवेदन किया है। वे प्रवेश इकाई से संपर्क कर सकते है। प्रवेश वरीयता के आधार पर दिया जाएगा।

<><><><><><><>

विज्ञान केन्द्र, में आज शाम 5:30 बजे से 7 बजे तक स्काई शो और कल शाम 5:30 बजे एवं 6 बजकर पन्द्रह मिनट पर 3डी शो दिखाया जाएगा। इस दौरान आगंतुकों को आकाश का स्काई मैप उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे ग्रहों एवं अन्य खगोलीय पिंडों की पहचान कर सकेंगे। प्रवेश शुल्क स्काई शो के लिए 10 रूपये प्रति व्यक्ति और 3 डी शो 20 रूपये प्रति व्यक्ति निर्धारित है।

<><><><><><><>

डिगलीपुर में कल ग्राम विकास अधिकारी एम. राजेंद्र कुमार की मौजूदगी में, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 पर ब्लॉक–लेवल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पंचायती राज संस्थान के सदस्यों (प्रधानों), पंचायत सचिवों, और सैनिटरी सुपरवाइजर ने भाग लिया। इसका उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों और अधिकारियों की ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के बारे में समझ को बेहतर बनाकर उनकी क्षमता को मजबूत करना था।

<><><><><><><>